समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 30 August 2026


# IND vs ENG: विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच बढ़ी दूरियां ? प्रैक्टिस सेशन के बाद नई अटकलों ने पकड़ा जोर

Sanket Morankar

Published on 14 Jul 2026




भारत और इंग्लैंड के बीच 14 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले टीम इंडिया के कैंप से एक नई चर्चा सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के बीच बातचीत नहीं हुई, जिसके बाद दोनों के रिश्तों को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है।

हालांकि, **इन दावों की आधिकारिक पुष्टि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI), टीम मैनेजमेंट या स्वयं विराट कोहली और गौतम गंभीर की ओर से नहीं की गई है।**

### प्रैक्टिस सेशन से शुरू हुई चर्चा

रिपोर्ट्स के अनुसार, एजबेस्टन में आयोजित अभ्यास सत्र के दौरान गौतम गंभीर टीम के कई वरिष्ठ खिलाड़ियों जैसे रोहित शर्मा, शुभमन गिल और केएल राहुल से बातचीत करते दिखाई दिए। वहीं, विराट कोहली के साथ उनकी बातचीत का कोई स्पष्ट वीडियो या तस्वीर सामने नहीं आई, जिसके चलते सोशल मीडिया और क्रिकेट जगत में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

बताया जा रहा है कि बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक नेट्स के दौरान विराट कोहली और गौतम गंभीर से अलग-अलग बातचीत करते नजर आए।

### पहले भी सुर्खियों मे रंहा है दोनों का रिश्ता

विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच मतभेदों की चर्चा नई नहीं है। आईपीएल के दौरान दोनों के बीच मैदान पर हुई तीखी नोकझोंक काफी चर्चा में रही थी। बाद में दोनों के संबंध सामान्य होने की खबरें भी सामने आई थीं, लेकिन हालिया रिपोर्ट्स ने एक बार फिर दोनों के रिश्तों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### वनडे सीरीज पर सभी की नजर

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला वनडे मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेला जाएगा। इस सीरीज को 2027 वनडे विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। ऐसे में टीम इंडिया की एकजुटता और प्रदर्शन पर सभी की नजरें रहेंगी।

**फिलहाल, विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच मतभेद की खबरे केवल मीडिया रिपोर्ट्स और अभ्यास सत्र के दृश्य संकेतों पर आधारित है। जब तक आधिकारिक बयान सामने नहीं आता, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं की जा सकती।**

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.